दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली | सोमवार 26 जनवरी - 2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 38 पेज - 24 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




PARAMOUNT

PARAMOUNT golfforesté

INVEST IN
READY FOR POSSESSION PROPERTY

2 & 3 BHK
Premium Apartments
READY TO MOVE IN




A PART OF 90-ACRES* LUSH GREEN TOWNSHIP
Master planning by Surbana International, Singapore

PRICE STARTING ₹78 LAKH* ONWARDS

*terms & conditions apply

PARAMOUNT GROUP OF COMPANIES
Office No. 1810-1812, 18th Floor, Iconic Corenthum, Tower-C, Sector-62, Noida (U.P.)- 201309, India
E-mail: info@paramountgroup.co.in | Website: www.paramountgroup.co.in

Paramount Villas Pvt. Ltd. Allotment Letter- Ref. No.5672/SIDC/RMS/SRJ-H-C(Ext.)Ph-1/plot no.BGH-A, Dated 18.10.2010-Sanction Plan-Ref.No.2032/SIDC/RMS/SRJ, Dated 13.06.2011, Sanction Plan-No.7096/SIDC/RMC/Building Plan/BGH-A/HC/SRJ/Dated 04.01.2013.
Disclaimer: All specifications, design, layout conditions are only indicative & some of these can be changed at the discretion of Builder/Architect, these are purely conceptual & constitute no legal offerings. 1 sq. mtr.=10.764 sq.ft. | 1 acre= 4047 sq.mtrs. (approx.)

Follow us

8376071133


MIGSUN
DREAM IT LIVE IT
UP RERA REGD. NO: UPRERAPRJ600636
RERA WEBSITE: WWW.UP-RERA.IN/PROJECTS
THE CROWNING Glory
OF GHAZIABAD IS NOW YOURS TO OWN
ARTISTIC IMPRESSION
PRESENTING
MIGSUN
ELITE ONE
RAJ NAGAR EXTENSION
THE NEW LANDMARK OF Luxury
Exclusive Clubhouse
Central Forested Greens
Gullak-Kids Play Area & Creche
Double-Height Entrance Lobby
10 Mins To Delhi
A BEACON OF GRANDEUR, THIS TOWERING MARVEL IS ABOUT TO TRANSFORM GHAZIABAD'S SKYLINE AND ELEVATE LUXURY LIVING TO NEW HEIGHTS.
3 & 4 BHK APARTMENTS AND DUPLEX | ₹ 2.40 CR ONWARDS*
PROPSHOP
THE WAY TO FULFILL YOUR DREAMS
UPRERAAGT10129
9071 760 760
SPECIAL PAYMENT PLAN
40:30:30
COMMERCIAL
RESIDENTIAL
HOSPITALITY
EDUCATION
SKILL INDIA
FOLLOW MIGSUN
A LEGACY OF 28 YEARS | 2 CRORE AREA DELIVERED | PRESENT IN 7 STATES
This advertisement is for marketing purposes only and should neither be relied upon when making a decision to purchase nor as a legal document. The photographic and artistic impressions contained in this advertisement are for illustrative purposes only. Statistics quoted in this advertisement are not guaranteed by the developer as they are tentative and subject to changes at the sole discretion of the Developer. Purchasers should make their own enquiries and where applicable obtain appropriate professional advice as to their particular circumstances. *T&C apply. #1 Sq. Mtr. = 10.764 Sq. Ft.




# सुपर से भी ऊपर रहा मंत्री सुनील शर्मा का लिट्टी-चोखा वाला प्रोग्राम
## डिप्टी सीएम हुए खुश, खूब उमड़ी भीड़ और खाने का भी भरपूर था इंतजाम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की विधानसभा साहिबाबाद में लिट्टी-चोखा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। पूर्वांचल समाज का ये कार्यक्रम था और इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या भी आये। राजनीतिक कार्यक्रम था तो इसके संदेश होते हैं। राजनीतिक कार्यक्रम है तो यहां फेस भी होते हैं और यहां कार्यक्रम की सफलता को कई पैमानों पर नापा भी जाता है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहले से ही अपनी विधानसभा में हर वर्ष पूर्वांचल और उत्तरांचल समाज के कार्यक्रम कराते हैं। इस बार खास बात ये थी कि कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या भी आये और खास बात ये भी थी कि गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों की भी फुल अटेंडेंस भी रही। सांसद भी पहुंचे, विधायक भी पहुंचे और मेयर भी पहुंची और पार्षद भी पहुंचे। इस कार्यक्रम में सिविल डिफेंस की चीफ वार्डन ललित जायसवाल भी पहुंचे। इससे पहले वाले प्रोग्राम में जब डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी आये थे तो कई जनप्रतिनिधि भी नहीं गये थे। इस बार सब जनप्रतिनिधि मौजूद थे। अब हो सकता है कि जनप्रतिनिधियों ने खुद को अपडेट किया हो और कार्यक्रम में इस बार लेट ना किया हो। या पुराने वाले कार्यक्रम से कुछ सीख ली हो। बहरहाल जो भी था सभी जनप्रतिनिधि पहुंचे और बड़ी बात ये थी कि कार्यक्रम में भीड़ भी खूब आयी। एक निजी बैंक हॉल में इस कार्यक्रम का आयोजन था और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपनी विधानसभा में आयोजित इस कार्यक्रम में जो संदेश देना चाहते थे वो सफलता का संदेश वो देने में सफल रहे हैं। भीड़ भी पहुंची और व्यवस्था भी पूरी शानदार रही। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का आना और उनके द्वारा भोजन की प्रशंसा किया जाना। भीड़ की प्रशंसा किया जाना, ही कार्यक्रम की सफलता का संदेश है। काफी देर तक ये कार्यक्रम चला।

### सांसद अतुल गर्ग ने की जमकर तारीफ



करंट क्राइम। डिप्टी सीएम आये और यहां लिट्टी-चोखा कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग भी पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम की हर ऐंगल से जमकर तारीफ की और इसे बहुत चौखा बताया। उन्होंने कहा कि हम भी कार्यक्रम में गये और यहां मेहमान नवाजी से लेकर भोजन तक बेहद अच्छा कार्यक्रम था। कार्यक्रम की व्यवस्था के कायल हो गये और कुल मिलाकर कार्यक्रम हर लिहाज से अच्छा लगा है।

### जब 'बॉस' को लेकर हुई दो जनप्रतिनिधियों के बीच बात

करंट क्राइम। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बॉस कहा था और संदेश दिया था कि संगठन सर्वोपरि है। लिट्टी-चोखा के कार्यक्रम में दो जनप्रतिनिधि जब एक साथ थे तो एक जनप्रतिनिधि ने कहा कि जब से पीएम ने बॉस माना है तब से हम सब भी अपने अध्यक्ष को बॉस मानने लगे हैं। यहां पर पहले जनप्रतिनिधि ने कहा कि हम तो पहले से ही इन्हें बॉस मान रहे थे और ऐसा लगता है कि आप पहले नहीं मान रहे थे, अब मान रहे हैं। बताते हैं कि चीफ गेस्ट ने भी कहा कि मैंने तो दो साल पहले ये बात कही थी तब कंट्रोवर्सी हो गई थी। लेकिन अब यही बात सत्य साबित हुई है कि सरकार से बड़ा संगठन होता है।

## सम्पादकीय



मनोज गुप्ता (संपादक)

### देश की एकता अखंडता और संप्रभुता है संविधान

किसी भी देश की आन-बान और शान उस देश का संविधान होता है। किसी भी देश का संविधान उस देश की राजनीतिक, सामाजिक आत्मा होता है। संविधान के साथ-साथ आज वो दिन है जब इंडिया एक गणतंत्र बना था। आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश के सभी राज्यों ने एक गणतंत्र के रूप में एक नागरिक-एक संविधान-एक देश की शपथ के साथ नई शुरूआत की थी। देश की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियां 1950 से लेकर 2026तक कई चरणों से होकर गुजरी हैं और बदली हैं। इस पूरे काल में देश की जनता ने छोटे बड़े युद्ध भी देखें हैं और विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं की सरकारों को भी देखा है। यह सर्वविदित है कि भारत विविधताओं का देश है। इसके बारे में कहा जाता है कि यहां कोस-कोस पर बदले पानी और चार कोस पार बानी। देश की संस्कृति की बात करें तो यहां देहात की संस्कृति अलग है और शहर की संस्कृति अलग है। यहां भाषाओं की विविधता है और भाषाओं के साथ-साथ यहां खान-पान भी एक संस्कृति है और पहनावा भी एक संस्कृति है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र भारत की ये सबसे बड़ी खूबी है कि वो पहाड़ से लेकर मैदान तक और गंगा से लेकर समुद्र तक एक अखंड सूत्र में पूरे देश को पिरोता है। भारत का गणतंत्र दिवस एक अवसर है जब देश की जनता अपनी समारिक शक्तियों पर गौरव करती है। दिल्ली में जब देश की सेनाएं अपनी सामरिक शक्ति का प्रदर्शन करती हैं तो हर भारतीय का सीना गर्व से फूल जाता है। यहां ना कोई भाषा है और ना कोई राज्य है। यहां ना कोई जाति है और ना कोई धर्म है। यहां केवल एक ही स्वर गूंजता है और वो ये है कि सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा। देश की सेनाएं, देश की सरकार, देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए कृत संकल्प है। उनके कल्याण की कामना भारत की संविधान की कामना है। देश सभी राजनीतिक दलों की विचारधाराओं से बड़ा है। कोई भी सरकार हो, हमें हमेशा जनकल्याणकारी सोच के साथ काम करना है। आज देश अपना गणतंत्र दिवस मना रहा है और हर भारतीय के लिए यह एक गर्व का अवसर है। मैं इस गणतंत्र दिवस पर सभी पाठकों को सभी विज्ञापनदाताओं को और समस्त करंट क्राइम परिवार को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। देश के 77वें गणतंत्र दिवस पर यही उम्मीद करता हूं कि हमारे देश के सभी लोगों का जीवन खुशहाल हो और मंगलमय हो। देश सदैव प्रगति की राह पर अग्रसर हो। हम विश्व के सफल विकसित और आर्थिक रूप से समृद्ध देशों की गिनती में हमेशा रहें। पूरे देश में नौजवानों के लिए रोजगार हो, हमारे देश की चिकित्सा सुविधाएं ऐसी हों कि देश के नागरिकों को एक भरोसा उन पर रहे। हम संकल्प लेते हैं कि हम एक ऐसे गणतंत्र राज्य का निर्माण करेंगे। जहां सुरक्षित जनता, सुरक्षित पर्यावरण और सुरक्षित लोकतंत्र होगा। आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

# शहर के रिहायशी इलाके में आज लहरायेगा सबसे ऊंचा झंडा

**सांसद और डिप्टी मेयर करेंगे ध्वजारोहण और लेंगे सलामी**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के पॉश एरिया में लगा सबसे ऊंचा झंडा फहराया जायेगा।

राजनगर में ये झंडा लगा हुआ है और आज लोकसभा सांसद अतुल गर्ग तथा डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी संयुक्त रूप से इस मौके पर ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स सलामी देंगे। राजनगर में फहराने वाला यह ध्वज रिहायशी इलाके का सबसे ऊंचा ध्वज है। इस अवसर पर राजनगर आरडब्लूए के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

110 फीट की ऊंचाई पर 50 मीटर का यह राष्ट्रीय ध्वज जब लहरायेगा तो देशभक्ति का एक संदेश पूरे क्षेत्र में जायेगा। जिले का यह सबसे ऊंचा ऐसा झंडा है जो किसी भी आवासीय क्षेत्र में लगा है।

# आज गाजियाबाद पुलिस के जांबाजों को सम्मान कई अफसरों व जवानों को मिलेंगे शौर्य पदक

### आईपीएस निमिष पाटिल, एसीपी नरेश कुमार, इंस्पेक्टर कुलदीप दीक्षित, रवेंद्र गौतम सहित कईयों के नाम









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के उन अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपने जीवन को जोखिम में डालकर दूसरों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के कई पुलिसकर्मियों के नाम इस वर्ष शौर्य पदकों की सूची में शामिल हुए हैं। पुलिस महानिदेशक द्वारा शौर्य के आधार पर दिए जाने वाले प्रशंसा चिन्ह प्लैटिनम पदक से थाना सिहानी गेट के निरीक्षक कुलदीप कुमार दीक्षित एवं मुख्य आरक्षी वरुण वीर सिंह को सम्मानित किया गया।

वहीं रजत पदक पाने वालों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी ट्रांस हिंडन आईपीएस अधिकारी निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी अधिसूचना विभाग नरेश कुमार, इंस्पेक्टर इंदिरापुरम रवेंद्र गौतम का नाम प्रमुख रूप से शामिल है।

इसके अलावा रजत पदक सूची में उप निरीक्षक नवीन कुमार, पूरन सिंह, बॉबी सिंह और बृजेश कुमार सिंह हैं। तो मुख्य आरक्षी सुशील कुमार, देवेंद्र परमार, दीपक सिंह, कृष्ण कुमार, तरुण कुमार और जसवंत सिंह और कांस्टेबल प्रशांत कुमार, मंजीत कुमार और पीएसी 47वीं वाहिनी के अमर चौधरी को भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले सभी पुलिसकर्मियों की बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को विभाग व जनसामान्य ने सराहा है। यह सम्मान गाजियाबाद पुलिस के मनोबल को और अधिक मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

## क्राइम ब्रांच के नाम आए कई इनाम, शौर्य और बहादुरी का मिला सम्मान

करंट क्राइम : अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और जटिल मामलों के सफल अनावरण में अहम भूमिका निभाने वाली क्राइम ब्रांच स्वॉट के जांबाज पुलिसकर्मियों के नाम इस बार कई बड़े सम्मान और इनाम आए हैं। शौर्य, साहस और उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए क्राइम ब्रांच के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीजी डिस्क प्लैटिनम और रजत पदक से सम्मानित किया गया है। मुख्य आरक्षी वरुणवीर सिंह को उनके अद्वितीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए शौर्य के आधार पर डीजी डिस्क प्लैटिनम प्रदान की गई है, जो पुलिस विभाग के सर्वोच्च सम्मानों में गिनी जाती है। वहीं शौर्यपूर्ण कार्यों के लिए रजत पदक से सम्मानित होने वालों में उप निरीक्षक नवीन कुमार,उप निरीक्षक बॉबी सिंह, उप निरीक्षक पूरन सिंह, मुख्य आरक्षी तरुण के नाम शामिल हैं। इन सभी पुलिसकर्मियों ने जोखिम भरे अभियानों के दौरान असाधारण साहस, सूझ-बूझ और प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए अपराधियों पर निर्णायक शिकंजा कसा। उनके इस योगदान से न केवल कई गंभीर मामलों का खुलासा हुआ, बल्कि आमजन में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत हुआ है। क्राइम ब्रांच के इन जांबाजों को मिले इनाम पूरे पुलिस महकमे के लिए गर्व का विषय हैं और अन्य जवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी।











**अवकाश सूचना**

सभी देशवासियों, प्रदेश एवं जनपद गाजियाबाद के निवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। गणतंत्र दिवस पर करंट क्राइम कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी, 2026 को प्रकाशित होगा। *धन्यवाद*

मनोज गुप्ता, संपादक

# योगी आदित्यनाथ राष्ट्र और सनातन चेतना के प्रतीक हैं : रामावतार जिंदल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता रामावतार जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल एक प्रशासक नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और सनातन चेतना के सशक्त प्रतीक हैं। उनका संपूर्ण जीवन सत्ता के लिए नहीं, बल्कि धर्म और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने निजी सुख-सुविधाओं का त्याग कर जनसेवा और राष्ट्रहित को अपना उद्देश्य बनाया।

रामावतार जिंदल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की विचारधारा आज देश के युवाओं को नई दिशा दे रही है। युवा वर्ग सनातन संस्कृति, तीर्थ स्थलों और भारतीय परंपराओं से जुड़ रहा है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर देश को तोड़ने और सनातन धर्म को कमजोर करने की साजिशें करने वाले तत्व कभी सफल नहीं होंगे। आज देश की बड़ी आबादी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके नेतृत्व पर भरोसा जता रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि 500 वर्षों से लंबित श्रीराम मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा कराना, उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार को तेज करना और मजबूत सुशासन स्थापित करना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने हर धर्म का सम्मान करते हुए प्रदेश में सुरक्षा, विकास और कानून-व्यवस्था को नई मजबूती दी है। रामावतार जिंदल ने कहा कि जो लोग योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में व्यापक जनसमर्थन और लोकप्रियता रखते हैं।

# 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सभी देशवासियों व नागरिकों को 77वां गणतंत्र दिवस मंगलमय हो। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी आपसी सौहार्द व स्वच्छता की जागरूगता का संकल्प लें। अपने शहर और देश की खुशहाली के लिए सदैव अग्रसर रहें। गणतंत्र दिवस के मौके पर एक बार पुनः सभी को बधाइयां।
– अतुल गर्ग, सांसद गाजियाबाद



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश की एकता को कायम रखने और देश व प्रदेश के नागरिक स्वच्छता का प्रण लें। गणतंत्र दिवस के मौके पर एक बार पुनः सभी को बधाइयां।
– सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश व प्रदेश के नागरिक स्वच्छता का प्रण लें और अपने आसपास गंदगी न होने दें।
नरेन्द्र कश्यप
राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश गणतंत्र दिवस के मौके पर सशक्त हो, तरक्की करे, चारों तरफ विकास हो, आम आदमी खुशहाल हो, ऐसी मनोकामनाएं प्रभु पूरी करें।
सुनीता दयाल, महापौर गाजियाबाद



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद के रहने वाले लोगों को 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाइयां। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासी देश को सशक्त करने का प्रण लें। गणतंत्र दिवस के मौके पर एक बार पुनः सभी को बधाइयां।
– संजीव शर्मा , विधायक गाजियाबाद



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित और विकास के पथ पर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।
अजीत पाल त्यागी
विधायक मुरादनगर



77वें गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासी देश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का प्रण लें। सभी को गणतंत्र दिवस की पुनः शुभकामनाएं।
नन्द किशोर गुर्जर, विधायक, लोनी



77वें गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासियों से अपील है कि राष्ट्र ध्वज का सम्मान करें।
– दिनेश कुमार गोयल, एमएलसी



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश व प्रदेश के नागरिक स्वच्छता का प्रण लें और घरों, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों के आसपास गंदगी न होने दें।
– धर्मेश तोमर, विधायक



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश के इस गणतंत्र दिवस के मौके पर देश को मजबूत करने का प्रण लें और देश की तरक्की में अपना योगदान सुनिश्चित करें।
– जे. रविंदर गौड, कमिश्नर, गाजियाबाद



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी नागरिक देश के सौहार्द को बढ़ाने, देश की एकता को कायम रखने, देश में रोजगार सृजन करने का प्रण लें।
–रविंद्र कुमार मांदड़, जिलाधिकारी गाजियाबाद



सभी देशवासियों के साथ जनपद गाजियाबाद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी नागरिक स्वच्छता, साफ-सफाई का प्रण लें तभी देश और अधिक सशक्त हो सकेगा।
विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगरायुक्त



77वें गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों व उत्तर प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस गणतंत्र दिवस पर सभी देशवासी देश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का प्रण लें। सभी को गणतंत्र दिवस की पुनः शुभकामनाएं।
– नंदकिशोर कलाल उपाध्यक्ष, जीडीए

## संपादकीय

# शांति पर फिर संकट

मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मई, 2023 में कुकी-जो समुदाय के साथ जो टकराव पैदा हुआ था, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हुए। पिछले कुछ समय से मणिपुर में जिस तरह हालात थोड़े काबू में दिख रहे हैं, उसके मद्देनजर यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अब शायद वहां शांति और स्थिरता लौट सकेगी। मगर बुधवार को एक व्यक्ति की हत्या के बाद फिर से शांति की उम्मीद के धुंधलाने की आशंका खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि मणिपुर के अशांत चुराचांदपुर जिले में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति को अगवा कर लिया, फिर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उस इलाके में तनाव फिर बढ़ गया। गुरुवार को हत्या के विरोध में काकचिंग खुन्नौ लामखाई क्षेत्र में लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया और वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी। जाहिर है, काफी जद्दोजहद के बाद राज्य में जो हालात थोड़े नियंत्रण में आते दिख रहे थे, उसके फिर बिगड़ने की स्थति बन रही है।

खबरों के मुताबिक, काकचिंग जिले के एक मैतेई युवक की शादी चुराचांदपुर की कुकी जनजाति की युवती से हुई थी। स्थानीय समूहों ने युवक को पत्नी के साथ रहने की इजाजत दे दी थी। मगर इसके बाद अचानक ही कुछ लोगों ने अगवा कर युवक की हत्या कर दी। अपहरणकताओं के एक उग्रवादी कुकी समूह से जुड़े होने का संदेह है। हालांकि इस घटना की जांच का जिम्मा एनआइए को दे दिया गया है और निष्कर्ष आने के बाद ही हकीकत सामने आएगी। मगर हत्या के पीछे उन तत्त्वों का हाथ होने की आशंका है, जो नहीं चाहते कि राज्य में शांति फिर से पटरी पर लौटे। आपस में दो विरोधी समुदायों के युवक-युवती की शादी के बाद जब स्थानीय समूहों ने दोनों को साथ रहने की अनुमति दे दी थी, तो यह पहल सामुदायिक स्तर पर भी सद्भाव की वापसी की एक कड़ी बन सकती थी। इसके बाद दोनों समुदायों के बीच सहमति आधारित समाधान की राह की तलाश करने में मदद मिल सकती थी। मगर वे कौन लोग हैं, जिन्हें इस पर आपत्ति हुई और उन्होंने अपहरण करके युवक की हत्या कर दी? साफ है कि इस घटना को अंजाम देने वालों का मकसद फिर से दोनों समुदायों के बीच अशांति और हिंसा को भड़काना है। निश्चित रूप से एक व्यक्ति की हत्या भी बेहद दुखद है, लेकिन फिलहाल जरूरत इस बात की है कि किसी भी घटना को अशांति पैदा करने का कारण न बनने दिया जाए। मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मई, 2023 में कुकी-जो समुदाय के साथ जो टकराव पैदा हुआ था, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हुए। लगातार हिंसा और अराजकता में पिछले कुछ समय से थोड़ी कमी देखी जा रही है, मगर जमीन पर दोनों समुदायों के बीच विभाजन की स्थिति अभी भी बनी हुई है।

# कनाडा-चीन व्यापार पर ट्रंप सख्त, 100% शुल्क लगाने का ऐलान



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर उनका पड़ोसी देश चीन के साथ अपने व्यापार समझौते पर आगे बढ़ेगा, तो ऐसा किया जाएगा।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यदि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सोचते हैं कि वह कनाडा को चीन के अमेरिका में सामान और उत्पाद भेजने का एक माध्यम बनाने जा रहे हैं, तो वह बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं। गौरतलब है कि ट्रंप ने पिछले एक साल से व्यापार युद्ध छेड़ रखा है और कनाडा ने इस महीने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर शुल्क कम करने के लिए एक समझौते पर बातचीत की। इसके बदले में चीन, कनाडा के कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करेगा।

ट्रंप ने शुरूआत में कनाडा और चीन के बीच इस समझौते को सही ठहराते हुए कहा था कि कार्नी के लिए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना एक अच्छी बात है। कार्नी के कार्यालय ने इस बारे में प्रतिक्रिया देने के अनुरोध पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

ट्रंप की यह धमकी कार्नी के साथ बढ़ते वाकयुद्ध के बीच आई है। इससे पहले कार्नी ने कहा था कि ट्रंप के ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने के प्रयास ने नाटो गठबंधन में तनाव पैदा कर दिया है। ट्रंप ने इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के दावोस में कहा था कि कनाडा संयुक्त राज्य अमेरिका के कारण जीवित है। कार्नी ने पलटवार करते हुए कहा कि उनका राष्ट्र एक उदाहरण हो सकता है।

# 14.9 करोड़ पासवर्ड लीक होने का दावा, बड़ी टेक कंपनियों की सुरक्षा पर सवाल




**नई दिल्ली।** जीमेल, इंस्टाग्राम, फेसबुक और नेटफ्लिक्स जैसी दिग्गज इंटरनेट कंपनियों के 14.9 करोड़ से अधिक उपयोगकताओं के लॉगिन क्रेडेंशियल (यूजरनेम और पासवर्ड) कथित तौर पर लीक हो गए हैं।

एक्सप्रेसवीपीएन द्वारा प्रकाशित और साइबर सुरक्षा शोधकर्ता जेरेमिया फाउलर की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक रूप से उजागर हुए इस डेटा में जीमेल के 4.8 करोड़, याहू के 40 लाख, फेसबुक के 1.7 करोड़, इंस्टाग्राम के 65 लाख और नेटफ्लिक्स के 34 लाख खाते शामिल हैं। इसके अलावा आउटलुक के भी 15 लाख खातों की जानकारी लीक होने की बात कही गई है। फाउलर ने रिपोर्ट में कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध यह डेटाबेस पासवर्ड से सुरक्षित या एन्क्रिप्टेड नहीं था। इसमें कुल 14.94 करोड़ विशिष्ट लॉगिन और पासवर्ड मौजूद थे, जिनका कुल आकार 96 जीबी है। नमूनों की जांच में हजारों ऐसी फाइलें मिलीं जिनमें ईमेल, यूजरनेम, पासवर्ड और संबंधित अकाउंट्स के लॉगिन यूआरएल लिंक शामिल थे।इस रिपोर्ट में नामित प्रमुख कंपनियों को भेजे गए ईमेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। फाउलर ने कहा कि यह डेटाबेस सार्वजनिक रूप से उपलब्ध था, जिससे इसे खोजने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए लाखों लोगों के क्रेडेंशियल तक पहुंचना संभव हो गया। उन्होंने बताया, उजागर हुए रिकॉर्ड्स में दुनिया भर के पीड़ितों से जुटाए गए यूजरनेम और पासवर्ड शामिल थे। इनमें आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली ऑनलाइन सेवाओं से लेकर हर तरह के संभावित अकाउंट्स की जानकारी मौजूद थी। साइबर सुरक्षा शोधकर्ता के दावों के अनुसार, समीक्षा किए गए रिकॉर्ड्स के सीमित नमूनों में वित्तीय सेवा खातों, क्रिप्टो वॉलेट या ट्रेडिंग खातों के साथ-साथ बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड लॉगिन की जानकारी भी पाई गई।

# ऑफीसर सिटी फर्स्ट एओए के सदस्यों को दिलाई गई शपथ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑफिसर सिटी फर्स्ट में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो गया। मत्स्य अधिकारी रिचा । पैनल के सभी विजय सदस्यों का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। गाजियाबाद के डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उन्होंने सभी विजय सदस्यों को शुभकामनाएं दी। कार्यकारिणी के सदस्यों में अध्यक्ष के रूप में आशीष अवस्थी, उपाध्यक्ष के रूप में अखिल माथुर, सचिव संतोष भारद्वाज, संयुक्त सचिव कविता गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवेश्वर त्यागी, सह कोषाध्यक्ष अमित त्यागी ने शपथ ली। इसके अलावा संरक्षण सदस्य के रूप में संदीप त्यागी, पीआरओ के रूप में निशांत श्रीवास्तव, लीगल कोऑर्डिनेटर के रूप में संजीव उपाध्याय लीगल विवेक शर्मा ने शपथ ली। इस मौके पर समस्त सोसायटी निवासी तथा विजेता टीम विकासशील के सभी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

# ईयू अध्यक्ष भारत पहुंचीं, मोदी से वार्ता में एफटीए और रक्षा समझौते पर नजर



**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष भारत पहुंच गई हैं। वह गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगीं। 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और डिफेंस पैक्ट पर मुहर लगने की उम्मीद है। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं। उनके साथ-साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी रविवार को दिल्ली पहुंच रहे हैं।

यह यात्रा भारत के लिए दो वजहों से खास है- पहला, ये दोनों यूरोपीय दिग्गज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, और दूसरा, 27 जनवरी को होने वाली बैठक में कई बड़े व्यापारिक समझौतों पर मुहर लग सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय नेताओं के बीच होने वाली इस शिखर वार्ता में सबसे बड़ा आकर्षण 'मुक्त व्यापार समझौता' है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से अटके इस समझौते के पूरा होने की घोषणा इस बैठक में की जा सकती है।

### इसके अलावा दो और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौतों की उम्मीद है :

1. **रक्षा साझेदारी**: दोनों पक्ष एक रणनीतिक रक्षा समझौते को अंतिम रूप देंगे।
2. **नौकरी और मोबिलिटी**: भारतीय पेशेवरों के लिए यूरोप में काम करना और आना-जाना आसान बनाने के लिए एक 'मोबिलिटी फ्रेमवर्क' तैयार किया जाएगा।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह डील?**
यूरोपीय संघ एक ब्लॉक के रूप में भारत का सबसे बड़ा 'गुड्स ट्रेडिंग पार्टनर' (सामान का व्यापार करने वाला साझेदार) है।
**व्यापार के आंकड़े :** वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू के बीच कुल 136 अरब डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) का व्यापार हुआ।
**भारत का फायदा:** अच्छी बात यह है कि भारत ने इसमें 76 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि आयात 60 अरब डॉलर रहा।

# डीएम के आदेश की अवहेलना का आरोप सोसाइटी में बाउंसरों का हंगामा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की एक सोसाइटी में डीएम के आदेशों की खुलेआम अवहेलना का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, आदेश दिए गए थे कि सोसाइटी परिसर में बाउंसरों की तैनाती नहीं होगी और न ही सोसाइटी के निवासियों या कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार की बदसलूकी की जाएगी। इसके बावजूद इंडियन सिक्योरिटी के मालिक संदीप शर्मा पर बार-बार इन निर्देशों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। इन्हीं कारणों से संबंधित सिक्योरिटी एजेंसी को पहले ही हटा दिया गया था। घटना के अनुसार, 23 जनवरी 2026 को रात करीब 8:35 बजे बाउंसर जबरन सोसाइटी में घुस आए और प्रत्येक फ्लोर पर कार्यरत हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ मारपीट की। आरोप है कि बाउंसरों ने कर्मचारियों को जबरदस्ती बाहर निकाल दिया।

इसके अगले दिन, 24 जनवरी 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे सोसाइटी के मुख्य प्रवेश द्वार पर बेरिकेडिंग कर दी गई। इस दौरान न तो कर्मचारियों को अंदर काम पर जाने दिया गया और न ही सोसाइटी निवासियों को बाहर आने-जाने की अनुमति दी गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरी सोसाइटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग परेशान हो गए। स्थिति बिगड़ने पर सोसाइटी अध्यक्ष ने आपातकालीन नंबर 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के हस्तक्षेप के बाद करीब 11:30 बजे बाउंसरों को हटाया गया। इस पूरे मामले पर सोसाइटी अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार का भुगतान विवाद था तो उसे सुलझाने का यह तरीका बिल्कुल भी उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जब डीएम के आदेशों का इस तरह उल्लंघन हो रहा है, तो ऐसे आदेशों का क्या महत्व रह जाता है।

### केरल में अदाणी समूह का 30000 करोड़ का 'मेगा प्लान', विझिंजम बनेगा देश का सबसे बड़ा ट्रांसशिपमेंट हब

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स केरल के विझिंजम पोर्ट में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। करण अदाणी ने 2029 तक क्षमता 57 लाख करने और इसे सबसे बड़ा ट्रांसशिपमेंट हब बनाने की घोषणा की। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने भारत के समुद्री व्यापार के नक्शे को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदाणी ने को घोषणा की कि विझिंजम बंदरगाह के विकास में कुल 30,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह केरल राज्य के इतिहास में किसी भी बिजनेस घराने द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

गुना से ज्यादा बढ़ोतरी इस विशाल निवेश का ब्लूप्रिंट साझा करते हुए करण अदाणी ने बताया कि कंपनी दूसरे चरण के तहत 16,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। इस निवेश का मुख्य उद्देश्य बंदरगाह की क्षमता को कई गुना बढ़ाना है। योजना के मुताबिक, साल 2029 तक विझिंजम पोर्ट की क्षमता 10 लाख ळएव२ (कंटेनर यूनिट) से बढ़कर 57 लाख ळएव२ हो जाएगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शरीर की सबसे लंबी मांसपेशी जीभ है।
- दुनिया में सबसे आम नाम मोहम्मद है।
- कार्बन मोनोऑक्साइड 15 मिनट से भी कम समय में किसी व्यक्ति की जान ले सकता है।
- स्तनधारियों का खून लाल, कीड़ों का खून पीला और झींगा मछली का खून नीला होता है।
- हमिंगबर्ड, लून, स्विफ्ट, किंगफिशर और ग्रेब सभी ऐसे पक्षी हैं जो चल नहीं सकते।
- सबसे तेज पक्षी पेरेग्रीन बाज है, जो 240 मील प्रति घंटे की रफ़्तार से चलता है।
- ड्रैगनफ़्लाइज सबसे तेज कीड़ों में से एक हैं, जो 50 से 60 मील प्रति घंटे की रफ़्तार से उड़ते हैं।
- इलेक्ट्रिक कुर्सी का आविष्कार एक दंत चिकित्सक ने किया था।
- एक बिल्ली की पूंछ में उसके शरीर की सभी हड्डियों का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा होता है।
- श्रवण सबसे तेज मानवीय इंद्रिय है। एक व्यक्ति किसी ध्वनि को मात्र 0.05 सेकंड में पहचान सकता है।

## राशिफल

**मेष:** आर्थिक लाभ हो सकता है। सितारे साथ दे रहे हैं, इसलिए छोटी हो या बड़ी किसी भी अवधि की योजना बनाने में आपके प्रयास आज अच्छे परिणाम देंगे।

**वृष:** आज का दिन अच्छा रहेगा। उदार स्वभाव आपके लिए कई खुशी के पल लेकर आएगा। पड़ोसियों से सकारात्मक व्यवहार देखने को मिलेगा।

**मिथुन:** वाक्पटुता से अपने निर्धारित कार्य को करने में सक्षम होंगे। गणेश बौद्धिक चर्चा में न आने की सलाह देते हैं। खाने में कन्फेक्शनरी मिल जाती है।

**कर्क:** आपका संगठन आपको व्यापार के लिए विदेश भेजने की तैयारी कर रहा है। विदेश में किया गया व्यापार शुभ लाभ देगा। अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

**सिंह:** आज का दिन सरप्राइज लेकर आएगा। जिन प्रयासों को आपने व्यर्थ माना था, आज उनका फल भी आपको मिलेगा। ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है।

**कन्या:** आज प्रभावशाली लोगों का सहयोग उत्साह को दोगुना कर देगा। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने का दिन है। धन लाभ होगा।

**तुला:** नए काम के साथ ढेर सारी जिम्मेदारियां भी सामने आएंगी। संस्थान के किसी भी तकनीकी कार्य में प्रतिभा उजागर होगी।

**वृश्चिक:** ज्यादातर काम पूरे होंगे। परिवार के सभी सदस्यों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। छात्र व्यावसायिक शिक्षा के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में शामिल हो सकते हैं।

**धनु:** आज क्रोध और वाणी पर संयम रखना होगा। विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और आपके प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं।

**मकर:** दिन कार्यक्षेत्र और आर्थिक क्षेत्र में फलदायी रहेगा। अपने समर्पण और दृढ़ता का प्रतिफल प्राप्त कर रहे हैं। आर्थिक दबाव को काफी हद तक कम कर सकता है।

**कुंभ:** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपके सभी कार्यों में आत्मविश्वास की झलक मिलेगी, कई दिनों से चली आ रही रुकावटें आज दूर होंगी।

**मीन:** छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। व्यापार से संबंधित समस्या का समाधान होगा।

## चुटकुले

एक बार एक दादा-दादी ने जवानी के दिनों को याद करने का फैसला किया।
अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे जहां वो जवानी में मिला करते थे,
वहां खड़े- खड़े दादा के पैरों में दर्द हो गया
लेकिन दादी नहीं आईं,
घर जाकर दादा गुस्से से, आईं क्यों नहीं?
दादी शर्माते हुए,' मम्मी ने आने नहीं दिया'।

---

सुरेश- तेरे घर से हमेशा हंसने की आवाज आती है,
इतनी खुशी का राज क्या है?
रमेश- मेरी बीवी मुझे जूते मारती है,
लग जाये तो वो हंसती है,
नहीं लगे तो मैं हंसता हूं।

---

पिताजी- बेटा, मेरे लिए 1 गिलास पानी लाना,
पहला लड़का- नहीं लाऊंगा,
दूसरा लड़का- रहने दो पापा, ये तो है ही बद्तमीज
आप खुद ले लीजिए और मेरे लिए भी
1 गिलास ले आना।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

DR. K.N. MODI FOUNDATION
MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.)
83 YEARS OF EXCELLENCE IN EDUCATION
DR. K.N. MODI UNIVERSITY (NCR)
ADMISSIONS OPEN 2026-2027
TOLL FREE :- 1800-212-1112
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
जय हिन्द! जय भारत!
67 Courses
10,000+ Placements
26 Campuses
1,000+ Girls in Hostel
250 Acres Land
38,500+ Students
800+ Faculty
11,000+ Girl Students
Available Streams
Courses Offered
B.TECH., MBA,
BBA, BCA,
D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm,
B.Sc. (BIO-TECH),
B.Ed./M.Ed. (Only for Girls)
OTT | MLT | ECG & X-Ray
Modinagar - +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com

Estd. 1990
IMS GHAZIABAD
GROUP OF INSTITUTIONS
extends warm wishes
on
Bharat's
Happy
Republic Day
26th January 2026
Management | Engineering | I.T | Bio-Science
Journalism | International Business
www.imsgroup.ac.in

VVIP™
संघर्षों की विरासत ने हमें मजबूत बनाया,
और संविधान ने हमें आगे बढ़ना सिखाया।
आप सभी को
77वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
8876-12-12-12
www.vvipgroup.in




# युवक को बंधक बनाया, विरोध करने पर परिजनों को पीटा

**लोनी।** बॉर्डर थानाक्षेत्र के इंद्रापुरी कॉलोनी निवासी दीपांशु से बंधक बनाकर मारपीट करने और शिकायत करने पर उसके परिजनों को पीटने का मामला सामने आया है। मामला 23 जनवरी की देर रात का है जब दीपांशु किराना दुकान के बाहर खड़ा था। पुलिस ने 24 जनवरी को युवक के चाचा कुलदीप कुमार की तहरीर पर लवी उर्फ अश्वनी, उसके पिता अमर सिंह और छोटे भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

दर्ज मामले में कुलदीप कुमार ने बताया कि भतीजा दीपांशु किराना दुकान पर काम करता है। शुक्रवार रात वह दुकान के बाहर खड़ा था। तभी कॉलोनी के सी ब्लॉक निवासी लवी उर्फ अश्वनी अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और भतीजे को जबरन कार में बिठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट कर बंधक बना लिया। दुकान मालिक सौरव ने इसकी सूचना उन्हें दी तब सभी लोग आरोपी लवी के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि इससे नाराज होकर लवी ने अपने पिता अमर सिंह और छोटे भाई के साथ मिलकर उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब स्थानीय लोग एकत्र हुए तब आरोपी मौके से भाग निकले। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व में विवाद की बात सामने आई है। आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द ही गिरफ्तारी कर खुलासा किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गौड़ होम्स सोसाइटी में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 24 जनवरी 2026 को गौड़ होम्स सोसाइटी में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक आयोजन में देश के कई प्रतिभावान एवं प्रख्यात कवियों ने अपनी ओजस्वी, भावपूर्ण और विचारोत्तेजक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में प्रख्यात कवि सत्यपाल सत्यम, बी.पी. सिंह मिलिंद, युवा कवि चिराग जैन, डॉ. अनिल बाजपेई, युवा कवित्री मनीषा शुक्ला एवं रजनी सिंह ह्यअवनीह्न ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं।

कवि सम्मेलन का सफल एवं सशक्त संचालन कार्यक्रम संयोजक, प्रख्यात कवि तथा गॉड होम्स के निवासी डॉ. चेतन आनंद द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, गाजियाबाद के पूर्व मेयर श्री आशु वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मुरादनगर श्री राजीव त्यागी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख धौलाना श्री संतोष यादव तथा पूर्व पार्षद लव कुमार जी सोपाल चौधरी वरिष्ठ पत्रकार श्री दीपक भाटी जी लोकेश राय जी माइल स्टोन सोसाइटी फ्द्द अध्यक्ष राजेस्वर चौधरी अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सोसाइटी के अध्यक्ष श्री अतुल त्यागी ने सभी आमंत्रित कवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 8 वर्षों बाद गौड़ होम्स सोसाइटी में इस प्रकार का कवि सम्मेलन आयोजित होना गर्व की बात है। उन्होंने भविष्य में भी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के शीघ्र आयोजन का आश्वासन दिया।

यह कवि सम्मेलन देशभक्ति, सामाजिक चेतना और साहित्यिक संवेदनाओं का सुंदर संगम साबित हुआ, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने भरपूर सराहा।




# क्या अब कमिश्नरेट में नहीं आएंगे एडीसीपी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की लंबी लिस्ट है, तो अब कहा जा रहा है कि जिस तरह से लंबे समय से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडीसीपी नहीं आ रहें है इसको लेकर भी चर्चाएं हैं। वहीं अब कहा जा रहा है कि एडीसीपी पद खाली चल रहा है, तो वहीं ट्रैफिक वाला पद तो पहले ही समाप्त कर दिया गया था। वहीं एडीसीपी प्रोटोकॉल वाला काम इन दिनों एडीसीपी क्राइम वाले साहब ही संभाले हुए हैं। कहा जा रहा है कि साइबर से लेकर कमिश्नरेट को फाइन करने वाले सभी काम वर्तमान वाले साहब देख रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों एसीपी स्तर के अधिकारियों की संख्या को लेकर भी समस्या बनी हुई है। पुलिस के बरीबी सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है जो शासन द्वारा तय संख्या है, वह अभी कम चल रही है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से बीते लगभग कई महीनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में किसी एडीसीपी पद के अधिकारी को पोस्ट नहीं किया है, उसकी चर्चा लखनऊ और आसपास के कमिश्नरेट में भी हो रही है। यहां तक कहा जा रहा है कि यहां के लिए कोई राइट फेस नहीं मिल रहा है या यहां अधिकारियों को प्लेस मिलने का फायदा नहीं हो रहा है। कहा जा रहा है कि यहां का कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आईपीएस अधिकारियों की लंबी फौज हो चुकी है। वहीं वर्तमान में जो आईपीएस अधिकारी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग पदों पर तैनात हैं, जिसकी वजह से बीच वाले साहब लोगों की बात थोड़ी हल्की पड़ गई है और यही वजह है कि लंबे समय से एडीसीपी स्तर का कोई अधिकारी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात नहीं किया गया है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि अगर हाल ऐसे ही चलते रहे, तो आने वाले दिनों में जो बचे हुए एडीसीपी साहब लोग हैं, वह भी आसपास के जिलों में जाने के लिए अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर लेंगे। अब बताया जा रहा है कि 26 जनवरी की इनाम वाली लिस्ट में कई थ्री-स्टार और पहुंच वाले साहब लोगों के दिल टूटे हैं, पर फिर भी कुछ लोगों ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट का नाम दर्ज करवा कर इज्जत बचाने का काम किया है। कहा जा रहा कि आने वाले लिस्ट में कुछ नाम जुड़ेगें।




# स्टोर से मोबाइल चुराकर ऑनलाइन बेचने वाली युवती समेत दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** लिंकरोड थाना पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनी के स्टोर से आईफोन चुराकर बेचने वाले दो स्टोर कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें विजयनगर सुदामापुरी निवासी आफताब शाह और एक युवती शामिल है। दोनों करीब एक वर्ष से कार्यरत थे और दोनों ने मिलकर 15 व 17 जनवरी 2026 को स्टोर से पांच मोबाइल चुराए थे। पुलिस ने पूछताछ के बाद कोर्ट के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया है।

एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि लिंकरोड क्षेत्र स्थित ई-कॉमर्स कंपनी स्टोर के सह प्रबंधक प्रिंस गौतम ने 23 जनवरी को तहरीर दी थी। आरोप था कि स्टोर से लगातार कीमती मोबाइल चोरी किए जा रहे हैं। जांच शुरू हुई तब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में स्टोर में पैकिंग विभाग में कार्यरत युवती और आफताब पर शक गया। 24 जनवरी को पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब युवती ने पुलिस को बताया कि वह और आफताब पुराने दोस्त हैं। पहले भी एक साथ नौकरी कर चुके हैं। दोनों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। स्टोर से मोबाइल चुराने का काम उसका था और उन्हें बाहर बेचने का काम आफताब करता था। वह ऑनलाइन बेवसाइट पर बिक्री करता था। 15 जनवरी को तीन और 17 जनवरी को दो मोबाइल चोरी किए थे। एक मोबाइल युवक ने ऑनलाइन बिक्री की और दो मोबाइल राह चलते लोगों को बेच दिए। पुलिस ने बकाया दो मोबाइल बरामद किए हैं।




## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
### विकास पथ, गाजियाबाद
I.S.O– 9001–2015 एवं I.S.O –14001–2015 प्रमाणित संस्था

**सार्वजनिक सूचना**

एत्तद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं०–आर–9/182,राजनगर, गाजियाबाद के भू–स्वामी श्री राहुल गर्ग व श्रीमती किरन गर्ग द्वारा प्रश्नगत आवासीय भूखण्ड पर नर्सिंग होम की क्रिया हेतु उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के अन्तर्गत शमन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उ०प्र० शासन के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के शासनादेश सं०–1323/2025/आठ– 3099/208/2025 दिनाक 04 जुलाइ 2025 के माध्यम से वर्तमान में प्रभावी उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के अनुसार आवासीय भू–उपयोग में नर्सिंग होम की क्रिया सशर्त अनुमन्य है।

उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के अनुसार आवेदन पर स्वीकृति प्रदान किये जाने से पूर्व 15 दिन का समय प्रदान करते हुए जनसामान्य से आपित / सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। अतः उपरोक्त के संबंधा में यदि कोई आपत्ति / सुझाव है तो आपत्ति/सुझाब की दो प्रतियों में प्रभारी प्रवर्तन जोन–3, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर दाखिल किया जा सकता है। निर्धारित समयवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

**अपर सचिव**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**

## गाजियाबाद नगर निगम
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः– 263/अ०न०आ०/2025–26 दिनांक :– 20/01/2026

**–:प्रेस विज्ञप्तिः–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम द्वारा संचालित विद्यालयों में निम्न पदो के अनुरूप शिक्षिकाओं की आवश्यकता हैः–

**शैक्षिक योग्यता स्नातक/परास्नातक एवं बी०एड०**

**हाई स्कूल की कक्षाओं को पढ़ाने हेतुः–** 01–हिन्दी (TGT), 01–अंग्रेजी (TGT), 01–सामाजिक विज्ञान (TGT), 01–विज्ञान (TGT), 01–संगीत (TGT), 04–खेल (TGT), 01–संस्कृत (TGT),

**इण्टरमिडिएट की कक्षाओं को पढ़ाने हेतुः–** 01–गणित (PGT), 03–हिन्दी (PGT), 01–नागरिक शास्त्र (PGT), 01–गृह विज्ञान (PGT), 01–जीव विज्ञान (PGT), 01–अर्थशास्त्र (PGT), 02–अंग्रेजी (PGT), 04–कला (PGT), 02–संगीत (PGT),

उपरोक्त शिक्षिकाओं का चयन आउटसोर्सिंग के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा तथा शिक्षिकाओं का पारिश्रमिक– रु 14000/– दिया जायेगा। शिक्षिकाओं की नियुक्ति पूर्ण रूप से अस्थायी होगी। समिति द्वारा नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, चन्द्रपुरी गाजियाबाद में दिनांक 06.02.2026 को प्रातः 11:30 बजे से शिक्षिकाओं के चयन हेतु साक्षात्कार होगा।

**प्रबन्धक**
**नगर निगम विद्यालय**



# कार्यालय नगर पालिका परिषद पिलखुवा

## सार्वजनिक सूचना :-

1. त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए समस्त संभ्रान्त नागरिक स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। कूडे को रास्ते, नाले, नालियों व तालाबों में न फेंके और न जलायें।

2. गीला कचरा हरे डस्टबिन में, सूखा कचरा नीले डस्टबिन तथा हैजार्ड वेस्ट काले डस्टबिन में ही डालें। स्वच्छता के दो रंगो से दो कूडादान बनाओ, हरे-नीले रंग से सजाओं।

3. नगर की सफाई में सहयोग करें, कूडे का पृथक्कीरण कर कूडादान व कूडा गाडी में ही डालें, अन्यथा नगर पालिका के सफाईकर्मी को ही सौंप दें, तीन वर्ष मे एक बार सैप्टिक टैंक साफ करायें।

4. खुले में शौच व मूत्र न करें, व्यक्तिगत शौचालय, सार्वजनिक शौचालयों या सामुदायिक शौचालयो का ही प्रयोग करें।

5. प्लास्टिक, थर्माकोल और पॉलिथीन आदि प्रतिबन्धित सामग्री का प्रयोग न करें। यह दण्डनीय अपराध है।

6. जल है तो कल है, कृपया जल का दोहन न करें। पानी की टोंटी को अनावश्यक खुला न छोड़ें।

7. सी० एण्ड डी० वेस्ट रूल्स सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का पालन करें।

8. नगर पालिका के सभी प्रकार के बकाया देयो की समय से अदायगी करें, कर से छूटे भवन स्वामी एक माह में करांकन के फार्म भरकर जमा कर दें।

9. नारी शक्ति अभियान में सहयोग करें।

10. पालिका के अस्थायी गौ- आश्रय स्थल में गौमाता के पोषण हेतु श्रद्धानुसार दान करें एवं पुण्य लाभ उठायें।

## सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



समस्त सम्मानित सभासदगण नगर पालिका परिषद पिलखुवा
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पिलखुवा



**विभु बंसल ( अध्यक्ष )**
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

**इन्द्रपाल सिंह**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिलखुवा



# RKG GLOBAL SCHOOL

*(A Prestigious Knowledge Resource Center)*

Managed By: Rajkumar Goel Group of Institutions

RKGGS
WHERE FUTURE BEGINS
LEARNING TODAY FOR BETTER TOMORROW




**ADMISSION OPEN**

**For Session 2026-27**
**Nursery to Class XII th**

**सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

